As regards the unitholders who redeem their investments during the Exit Option Period, the tax consequences as set forth in the SAI of the Fund and SID of respective schemes would apply. In view of individual nature of tax consequences, unitholders are advised to consult their financial / tax advisor for detailed tax advice.

All other features, terms and conditions as stated in the SID/KIM of the Schemes and SAI of the Fund, read with the addenda issued from time to time, remain unchanged.

**The Notice-cum-Addendum forms an integral part of the SID/KIM of the Schemes and SAI of the Fund, read with the addenda issued from time to time.**

**Date: August 6, 2020**

**MUTUAL FUND INVESTMENTS ARE SUBJECT TO MARKET RISKS, READ ALL SCHEME RELATED DOCUMENTS CAREFULLY.**

financialexp.epapr.in

# बच्चों के कोरोना से लगभग सुरक्षित होने का दावा, फेसबुक ने पहली बार ट्रंप की पोस्ट हटाई

ह्यूस्टन, 6 अगस्त (भाषा)।

सोशल मीडिया मंच फेसबुक ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वह पोस्ट हटा दी है, जिसमें बच्चों के कोविड-19 से लगभग सुरक्षित होने का दावा किया गया था।

फेसबुक ने कहा कि यह कोरोना विषाणु को लेकर गलत जानकारी फैलाने के खिलाफ उसकी नीति का उल्लंघन है। सोशल मीडिया मंच ने पहली बार ट्रंप की कोई पोस्ट अपने मंच से हटाई है। ट्रंप के प्रचार अभियान दल ने बुधवार को 'फॉक्स न्यूज चैनल' को दिए ट्रंप के एक साक्षात्कार की क्लिप (वीडियो) साझा की थी। वीडियो में अमेरिका के राष्ट्रपति ने दावा किया था कि बच्चे कोविड-19 से लगभग सुरक्षित हैं।

फेसबुक नीति के प्रवक्ता ने बयान में कहा, 'वीडिया में गलत दावा किया गया है कि लोगों का एक समूह कोविड-19 से सुरक्षित है। यह कोविड-19 को लेकर गलत सूचना फैलाने की हमारी नीति का उल्लंघन है।' उस पोस्ट पर अब लिखा आ रहा है 'यह पोस्ट अब मौजूद नहीं है।'

# नीरव मोदी की हिरासत अवधि 27 अगस्त तक बढ़ी

लंदन, 6 अगस्त (भाषा)।

भगोड़े हीरा व्यवसायी नीरव मोदी की हिरासत अवधि 27 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। दो अरब डालर के पंजाब नेशनल बैंक घोटाले व धनशोधन मामले के आरोपी नीरव को ब्रिटेन की अदालत के समक्ष वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से पेश किया गया।

पिछले वर्ष मार्च में गिरफ्तारी के बाद से ही 49 वर्षीय हीरा व्यवसायी दक्षिण पश्चिम लंदन की वांड्सवर्थ जेल में बंद है। उसे लंदन में वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट की अदालत में जिला न्यायाधीश वेनेसा बेरेटसर के समक्ष वीडियो कान्फ्रेंस से पेश किया गया। उसे बताया गया कि सात सितंबर से पांच दिनों की सुनवाई से पहले होने वाली सुनवाई मामला प्रबंधन सुनवाई होगी। मोदी के प्रत्यर्पण मामले की सुनवाई के पहले चरण में मई में जिला न्यायाधीश सैम्युअल गूजी ने सुनवाई की थी और दूसरे चरण की सुनवाई सात से 11 सितंबर के बीच होनी है। अगले महीने होने वाली सुनवाई में मोदी के खिलाफ प्रथमदृष्टया मामला तय करने के लिए जिरह पूरी होगी और भारतीय अधिकारी दूसरी बार प्रत्यर्पण का आग्रह करेंगे, जिसे इस वर्ष की शुरुआत में ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल ने मंजूर किया था।

# श्रीलंका चुनाव में राजपक्षे की पार्टी भारी जीत की ओर

- विश्लेषकों के अनुसार राजपक्षे परिवार द्वारा नियंत्रित श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) संसद में आसानी से बहुमत हासिल कर लेगी।
- राष्ट्रपति को उम्मीद है कि एसएलपीपी को दो-तिहाई बहुमत मिलेगा। इससे वह संविधान में संशोधन करते हुए राष्ट्रपति पद की शक्तियों को बहाल कर सकेंगे।

कोलंबो, 6 अगस्त (भाषा)।

श्रीलंका के प्रभावशाली राजपक्षे परिवार द्वारा नियंत्रित श्रीलंका पीपुल्स पार्टी (एसएलपीपी) गुरुवार को घोषित किए गए शुरुआती परिणामों के अनुसार संसदीय चुनाव में भारी जीत की ओर अग्रसर है। सिंहली बहुल दक्षिण क्षेत्र से अब तक पांच परिणामों की घोषणा की गई है। इनमें एसएलपीपी को 60 फीसद से अधिक मत मिले हैं।

एसएलपीपी की निकटतम प्रतिद्वंद्वी नई पार्टी है जिसकी स्थापना सजीथ प्रेमदासा ने की है। प्रेमदासा ने अपनी मूल पार्टी यूनाइटेड नेशनल पार्टी (यूएनपी) से अलग होकर नई पार्टी बनाई है। चुनाव परिणामों के अनुसार यूएनपी चौथे स्थान पर है। आधिकारिक परिणामों से पता चलता है कि मार्क्सवादी जनता विमुक्ति पेरामुना (जेवीपी) ने भी यूएनपी की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है।

तमिल बहुल उत्तर क्षेत्र में, मुख्य तमिल पार्टी को जाफना में एक क्षेत्र में जीत मिली है जबकि राजपक्षे की सहयोगी ईलम पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (ईपीडीपी) ने जाफना जिले के अन्य क्षेत्र में तमिल नेशनल एलायंस (टीएनए) को हराया है। मतदान बुधवार को हुआ था। मतों की गिनती सुबह शुरू हुई। मतों की गिनती शुरू होते ही एसएलपीपी के संस्थापक बेसिल राजपक्षे ने कहा कि पार्टी नई सरकार बनाने के लिए तैयार है।

विश्लेषकों के अनुसार एसएलपीपी 225 सदस्यीय संसद में आराम से बहुमत हासिल कर लेगी। बेसिल राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के छोटे भाई हैं। प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे उनके सबसे बड़े भाई हैं। राष्ट्रपति को उम्मीद है कि एसएलपीपी को दो-तिहाई बहुमत मिलेगा। इससे वह संविधान में संशोधन करते हुए राष्ट्रपति पद की शक्तियों को बहाल कर सकेंगे। साल 2015 में संविधान में संशोधन करते हुए राष्ट्रपति के अधिकारों में कटौती की गई थी।

# कोरोना के दौरान चीन और अधिक आक्रामक हुआ : मार्क एस्पर

- चीन ने भारत के साथ लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों को तैनात किया है
- दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीपों पर सैन्य अड्डे बना रहा है चीन

वाशिंगटन, 6 अगस्त (भाषा)।

अमेरिका के रक्षा मंत्री मार्क एस्पर ने कहा कि दुनिया ने देखा कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान चीन और अधिक आक्रामक बन गया। उन्होंने कहा कि चीन ने भारत के साथ लगने वाली वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों को तैनात किया है और वह जिस तरीके से व्यवहार कर रहा है, वह अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप नहीं है।

एस्पर ने बुधवार को कहा, 'कोरोना संकट के दौरान पिछले सात महीनों में हमने देखा कि चीन और अधिक आक्रामक हो गया है।' एस्पर ने कहा कि चीन अपने फायदे के लिए इस त्रासदी का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, 'चीन ने सच में बढ़-चढ़कर डींगें मारी है और हमने उन्हें दक्षिण चीन सागर में लगातार बलप्रयोग करते हुए देखा है।' बेजिंग दक्षिण चीन सागर के करीब 13 लाख वर्ग मील के हिस्से पर अपना दावा जताता है। चीन क्षेत्र में कृत्रिम द्वीपों पर सैन्य अड्डे बना रहा है। इस क्षेत्र पर ब्रुनेई, मलेशिया, फिलीपीन, ताइवान और वियतनाम भी अपना दावा जताते हैं। एक सवाल के जवाब में एस्पर ने कहा कि चीन ने कुछ महीनों पहले वियतनाम की मछली पकड़ने की एक नौका को डुबो दिया था।

उन्होंने कहा, 'उन्होंने भारत में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों को तैनात कर दिया। हमने उन्हें अंतरराष्ट्रीय नियमों के असंगत व्यवहार करते हुए देखा और हमारे कई सहयोगी व साझेदार अच्छी तरह से प्रतिक्रिया दे रहे हैं।'' पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच चल रहे गतिरोध के बीच उन्होंने यह टिप्पणी की है। रक्षा मंत्री ने हुवावे को बाहर का रास्ता दिखाने के लिए आस्ट्रेलिया तथा ब्रिटेन की तारीफ की। उन्होंने कहा कि चीनी आक्रामकता से निपटने का सबसे अच्छा तरीका उसके खिलाफ बहुपक्षीय प्रयासों को बढ़ावा देना है। चीन द्वारा पैदा खतरा क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक है।

## भारत व अमेरिका के संबंध अहम : अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन, 6 अगस्त (भाषा)।

अमेरिका के दो सांसदों ने कहा कि भारत के प्रति चीन की आक्रामकता के मद्देनजर अमेरिका और भारत के करीबी संबंध बहुत मायने रखते हैं। प्रतिनिधि सभा की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष एलियॉट एंगल व रैंकिंग सदस्य माइकल टी मैककॉल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को लिखे पत्र में कहा कि दोनों दलों के सदस्य भारत व अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के 21वीं सदी पर मजबूत प्रभाव को समझते हैं।

# अमेरिका से भारत की सामरिक साझेदारी आने वाले दौर में होगी अहम : संधू

वाशिंगटन, 6 अगस्त (भाषा)।

अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि चूंकि भारत अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मनाने के करीब पहुंच रहा है, ऐसे में अमेरिका के साथ उसकी सामरिक भागीदारी की ताकत आने वाले दौर में महत्त्वपूर्ण होगी।

उन्होंने कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के करीब पहुंचने पर भारत निरंतर राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में लगा है, व्यक्तिगत आजादी का विस्तार कर रहा है और साथ ही आर्थिक व राजनीतिक सशक्तीकरण की दिशा में बढ़ रहा है। संधू ने 'न्यूजवीक' पत्रिका में बुधवार को लिखे संपादकीय में कहा कि अमेरिका के साथ भारत की स्वाभाविक साझेदारी ताकत का स्रोत होगी। उन्होंने कहा, 'भारत के हमारे लोकतंत्र की 75वें साल की ओर बढ़ने के साथ हम अपने संस्थापकों की प्रतिभा को याद करते हैं जिनमें से कई अमेरिकी संविधान के आदर्शों से प्रेरित थे।'

# फ्रांस व अन्य देशों ने राहत व बचाव दलों को बेरूत भेजा

बेरूत, 6 अगस्त (एपी)।

बेरूत के बंदरगाह पर हुए विस्फोट के बाद फ्रांस उनके साथ खड़ा है, यह जताने के लिए राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों यहां आए हैं। फ्रांस और अन्य देशों ने आपात सहायता और खोज व बचाव दलों को यहां भेजा है। पहले से ही गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहे लेबनान को वापस खड़े करने के लिए बड़ी अंतरराष्ट्रीय मदद की जरूरत होगी। विस्फोट में कम से कम 135 लोग मारे गए हैं, हजारों की संख्या में लोग घायल हैं और बेरूत का बंदरगाह बर्बाद हो गया है।

सरकार ने बुधवार को बंदरगाह के सभी अधिकारियों को नजरबंद कर दिया और इस भीषण विस्फोट की जांच के आदेश दिए। वहीं गुरुवार को लेबनान की सेना ने अपने बुलडोजरों की मदद से मलबे को हटाया और बंदरगाह तबाह होने के कारण अवरुद्ध हो गई सड़कों को खोला। विस्फोट मंगलवार को हुआ था। ऐसा लग रहा है कि दुर्घटनावश लगी आग के कारण बंदरगाह पर रखे अमोनियम नाइट्रेट के जखीरे में विस्फोट हो गया और बंदरगाह पूरी तरह तबाह हो गया। बेरूत के गवर्नर मरवान अबूद ने बताया कि इस धमाके से लगभग 10 से 15 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान होने का अनुमान है। लगभग तीन लाख लोग बेघर हो गए हैं। कोरोना के चलते देश के अधिकतर अस्पताल पहले ही रोगियों से खचाखच भरे हैं। ऐसे में धमाके में घायल हुए लोगों के इलाज में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**लापरवाही की हो रही है जांच**

जांचकर्ता बंदरगाह के मालगोदाम में विस्फोटक पदार्थ रखे जाने में संभावित लापरवाही की जांच कर रहे हैं और सरकार ने बंदरगाह के कई अधिकारियों को नजरबंद करने के आदेश दिए हैं।

# कोरोना से चूहों की रक्षा करने में कामयाब रहा टीका

वाशिंगटन, 6 अगस्त (भाषा)।

अमेरिका की जैव प्रौद्योगिकी कंपनी मॉडर्ना द्वारा विकसित टीका चूहों की सार्स कोव-2 संक्रमण से रक्षा करने में कामयाब रहा। यही विषाणु कोरोना की वजह है।

पत्रिका 'नेचर' में बुधवार को प्रकाशित अनुसंधान रपट के अनुसार एमआरएनए-1273 नाम के टीके ने चूहों में विषाणु को निष्क्रिय करने वाली एंटीबॉडीज उत्पन्न कर दीं। चूहों को माइक्रोग्राम के दो इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन दिए गए थे। अतिरिक्त प्रयोग करने पर पाया गया कि चूहों को एमआरएनए-1273 का एक एमसीजी या 10 एमसीजी टीका देने पर फेफड़े को संक्रमण से सुरक्षा मिली। अध्ययन में पाया गया कि इस टीके ने चूहों में मजबूत सीडी8 टी-कोशिका प्रतिक्रिया भी पैदा की।

# कोरोना के गंभीर बीमार मरीजों के इलाज में कारगर नई दवा आरएलएफ-100

ह्यूस्टन, 6 अगस्त (भाषा)।

अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में अस्पताल के डॉक्टरों ने आरएलएफ-100 नाम की नई दवा का इस्तेमाल किया है, जिससे गंभीर रूप से बीमार कोरोना के मरीज तेजी से स्वस्थ हुए जिन्हें सांस लेने में कठिनाई की शिकायत थी। इस दवा को एविप्टाडिल नाम से भी जाना जाता है।

एफडीए ने आपात स्थिति में इस्तेमाल के लिए इस दवा को मंजूरी दे दी है। ह्यूस्टन मेथडिस्ट अस्पताल ने इस दवा के इस्तेमाल से वेंटीलेटर वाले मरीजों के तेजी से स्वस्थ होने की जानकारी दी है। न्यूरोएक्स और रिलीफ थेराप्यूटिक्स ने मिलकर इस दवा को विकसित किया है। दवा बनाने वाली कंपनी न्यूरोएक्स के अनुसार स्वतंत्र अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि एविप्टाडिल मानव फेफड़ों की कोशिकाओं और मोनोसाइट्स में सार्स कोरोना विषाणु की प्रतिकृति बनने से रोकता है।

रपट के अनुसार कोरोना की चपेट में आया 54 वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार होने के बाद इस दवा के इस्तेमाल से चार दिन के भीतर वेंटीलेटर से हट गया। इसके अलावा 15 से अधिक मरीजों पर भी इलाज के ऐसे ही नतीजे देखे गए। न्यूरोएक्स के सीईओ व अध्यक्ष प्रोफेसर जोनाथन जैविट ने कहा, 'अन्य किसी भी वायरल रोधी एजंट ने वायरल संक्रमण से इतनी तेजी से उबरने की दर नहीं दिखाई।'

# शराब छुड़ाने वाली दवा से कोरोना से लड़ने में मिल सकती है मदद : अध्ययन

मास्को, 6 अगस्त (भाषा)।

शराब की लत छुड़ाने वाली दवा डाइसलफिराम के उपयोग से सार्स-कोव-2 से निजात पाने में मदद मिल सकती है। यह जानकारी नए अनुसंधान में सामने आई है।

रूस में नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी हायर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (एचएसई) के अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि संभावित इलाज के लिए कोरोना विषाणु के संरचनामत्मक तत्त्वों को चुना जाना चाहिए जिनमें विकास के दौरान परिवर्तन की संभावना कम हो। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं करने पर एक प्रकार (स्ट्रेन) के खिलाफ जो दवा प्रभावी होगी वह दूसरे के खिलाफ प्रभावी नहीं रह जाएगी। मेंदिलिव कम्युनिकेशंस पत्रिका में छपे अध्ययन के मुताबिक इसके लिए सार्स- कोव-2 विषाणु के मुख्य प्रोटीज एम प्रो सबसे प्रभावी प्रोटीन हैं। अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि उत्परिवर्तन के प्रतिरोधी होने के अलावा एमप्रो कोरोना विषाणु को रोकने में भी बड़ी भूमिका निभाता है। इसका मतलब है कि इसका अवरोध शरीर के अंदर विषाणु को कमजोर करने या इसे पूरी तरह रोकने में सक्षम है। संभावित दवाओं को अमेरिकी खाद्य व दवा प्रशासन (एडीए) की तरफ से मंजूर दवाओं के डेटाबेस से लिया गया।

अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि शराब की लत छुड़ाने वाली दवा डाइसलफिराम सार्स कोव-2 से दो तरीके से लड़ता है। उन्होंने कहा कि पहला यह सहअवरोधक है और दूसरा यह कोविड-19 के लक्षणों को भी रोकता है जैसे यह घटे ग्लूटाथियोन को रोकने में काफी मदद करता है जो महत्त्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट है।

RITES
राइट्स लिमिटेड (भारत सरकार का एक उपक्रम)
सीआईएन नं.: L74899DL1974GOI007227
पंजीकृत कार्यालय: स्कोप मीनार, लक्ष्मी नगर, दिल्ली – 110092

46वीं वार्षिक आम सभा का नोटिस तथा ई-वोटिंग एवं बुक क्लोजर सूचना

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कंपनी की 46वीं वार्षिक आम सभा ('एजीएम') का आयोजन **शुक्रवार दिनांक 28 अगस्त, 2020 को प्रातः 11:30 बजे वीडियो कांफ्रेंस ("वीसी")/अन्य आडियो विजुअल विधियों ("ओएवीएम")** के माध्यम से एजीएम के नोटिस में उल्लिखित कार्यों को निष्पादित करने के लिए किया जाएगा। कंपनी द्वारा एजीएम की सूचना इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दिनांक 6 अगस्त, 2020 को उन सदस्यों के ई-मेल पतों पर भेज दी गई है, जिनके ई-मेल आईडी कंपनी/डिपोजिटरियों के पास कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) के दिनांक 8 अप्रैल, 2020 तथा 13 अप्रैल, 2020 के साथ पठनीय दिनांक 5 मई, 2020 (सामूहिक रूप में "एमसीएस परिपत्र" के नाम से संदर्भित) 5 मई, 2020 के परिपत्र तथा सेबी के दिनांक 12 मई, 2020 के परिपत्र के अनुसार पंजीकृत हैं।

एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट **www.rites.com** पर "**INVESTORS <SHAREHOLDERS MEETING**" खंड के अंतर्गत भी उपलब्ध है। जिन सदस्यों को एजीएम की सूचना तथा वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है, वे उसे कंपनी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। सूचना में संदर्भित सभी दस्तावेज तथा पंजीकृत सदस्यों को बिना किसी फीस के भुगतान के नोटिस के वितरण की तिथि, एजीएम के आयोजन की तिथि अर्थात 28 अगस्त, 2020 तक जांच के लिए उपलब्ध होंगे। इन दस्तावेजों की जांच करने के इच्छुक सदस्य ई-मेल के माध्यम से अपना अनुरोध ई-मेल पते **cs@rites.com** पर भेज सकते हैं। परस्पर अनुकूलता होने पर जांच की व्यवस्था की जाएगी।

समय-समय पर यथा संशोधित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमावली, 2014 के नियम 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम की धारा 108 के अनुसरण में तथा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 44 तथा कारपोरेट कार्य मंत्रालय के परिपत्रों के अनुसार सदस्यों को एजीएम की सूचना में उल्लिखित सभी संकल्पों पर अपना वोट लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ("एलआईआईपीएल") द्वारा व्यवस्था किए जा रहे, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम (रिमोट ई-वोटिंग एवं ई-वोटिंग) पर देने की सुविधा प्रदान की गई है। सदस्यों के वोटिंग अधिकार उनके द्वारा बृहस्पतिवार, दिनांक 20 अगस्त, 2020 **(कटऑफ तिथि)** को धारित कंपनी के इक्विटी शेयरों के अनुपात में होंगे।

रिमोट ई-वोटिंग की अवधि मंगलवार, दिनांक 25 अगस्त, 2020 को प्रातः 9 बजे (भारतीय मानक समय) प्रारंभ होगी तथा यह बृहस्पतिवार दिनांक 27 अगस्त, 2020 को सायं 5 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त हो जाएगी। इस अवधि के दौरान, सदस्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपना वोट दे सकते हैं। इसके पश्चात एलआईआईपीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग माड्यूल बंद कर दिया जाएगा। वीडियो कांफ्रेंस/अन्य आडियो विजुअल विधियों के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले ऐसे सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से संकल्पों पर अपना वोट नहीं दिया है तथा जिन पर इसके लिए कोई प्रतिबंध नहीं है, एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से अपना वोट देने के पात्र होंगे।

रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम के आयोजन से पूर्व अपना वोट दे चुके सदस्य वीडियो कांफ्रेंस/अन्य आडियो विजुअल विधियों से आयोजित की जा रही एजीएम में भाग/प्रतिभागिता कर सकेंगे परन्तु उन्हें फिर से वोट देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

यदि कोई व्यक्ति इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे गए नोटिस के पश्चात शेयरों का धारण करके, कंपनी का सदस्य बनता है तथा उसके पास कटऑफ तिथि को शेयरों का धारण है तो वह अपनी लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने का अनुरोध **instameet@linkintime.co.in** को भेज सकता है। तथापि, यदि वह एलआईआईपीएल में रिमोट ई-वोटिंग सुविधा के लिए भी पंजीकृत है तो वह अपने विद्यमान यूजर आईडी एवं पासवर्ड का उपयोग वोट देने के लिए कर सकता है।

यदि किसी भी सदस्य ने कंपनी/आरटीए के पास अपना ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं करवायी है तथा/या लाभांश प्राप्त करने हेतु अपने बैंक खाते का विवरण अद्यतन(अपडेट) नहीं करवाया है तो वे कृपया निम्नलिखित निर्देशों का पालन करें:-

क) ई-मेल आईडी वार्षिक रिपोर्ट तथा ई-वोटिंग के लिए लॉगिन विवरण प्राप्त करने हेतु पंजीकृत करवायें **(20 अगस्त, 2020 तक सांय 5.00 बजे (आईएसटी) से पहले या तक)।**

| | |
|---|---|
| क) | https://linkintime.co.in/emailreg/email_register.html पर जाएं। |
| ख) | कंपनी का नाम चयनित करें अर्थात राइटट लिमिटेड; |
| ग) | डीपी आईडी तथा क्लाईट आईडी/फिजिकल फोलियों नंबर तथा पैन नंबर दर्ज करें। रिकॉर्ड में फिजिकल फोलियों के लिए पैन नंबर का विवरण उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में, सदस्य को अपने एक शेयर प्रमाण पत्र का नंबर दर्ज करना होगा; |
| घ) | प्रमाणीकरण के लिए, पैन कॉर्ड की स्वःसत्यापित प्रति अपलोड करें। यदि सिस्टम में पैन विवरण उपलब्ध है तो सिस्टम अपडेशन के लिए सदस्य को पैन कॉर्ड की स्वःसत्यापित प्रति अपलोड करने का निदेश प्राप्त होगा; |
| च) | ई-मेल पता तथा मोबाईल नंबर दर्ज करें; |
| छ) | इसके उपरांत, सिस्टम एजीएम नोटिस प्राप्त करने हेतु ई-मेल पते की पुष्टि करेगा। |

ख) इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सर्विस (ईसीएस) या किसी अन्य माध्यम से सीधे लाभांश प्राप्त करना **(20 अगस्त, 2020 तक सांय 5.00 बजे (आईएसटी) से पहले या तक)।**

| | |
|---|---|
| भौतिक धारण | क) https://linkintime.co.in/emailreg/email_register.html; पर जाएं;<br>ख) "बैंक विवरण अपडेट" के अंतर्गत, निम्नलिखित जानकारी भरें:<br>1) बैंक खाता संख्या<br>2) बैंक का नाम<br>3) आईएफएससी कोड<br>ग) पैन कार्ड की स्वःप्रमाणित स्कैन कॉपी अपलोड करें;<br>घ) कंपनी में सदस्य के रूप में पंजीकरण करवाने के लिए किसी भी दस्तावेज की स्वयंःसत्यापित स्कैन की गई प्रति (जैसेकि आधार कार्ड, पासपोर्ट) अपलोड करें;<br>च) सदस्य के नाम तथा यदि शेयरों का संयुक्त धारण है तो प्रथम धारक के नाम वाले रद्द किए गए चैक की स्कैन की गई स्वयं सत्यापित प्रति अपलोड करें। |
| डीमैट होल्डिंग | डीमैट रूप में शेयर धारित करने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी के साथ इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग मैंडेट को अद्यतन(अपडेड) कर लें। |

यदि सदस्यगणों का ई-वोटिंग के संबंध में कोई प्रश्न है, तो वे **https://instavote.linkintime.co.in** के हेल्प सेक्शन में उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ('एफएक्यू') तथा इंस्टावोट ई-वोटिंग मैनुअल देखें या **enotices@linkintime.co.in** पर ई-मेल भेजें या टेलीफोन नंबर 022 – 4918 6000 पर संपर्क करें या श्री स्वपन कुमार नस्कर, एवीपी-उत्तर भारत ऑपरेशन, लिंक इनटाईम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबल हाईट्स, प्रथम तल, एनएच-2, एलएससी, सी-1 ब्लॉक, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली से टेलीफोन नंबर +91 11 49411000 एक्सटेंशन – 7106 तथा उन्हें ई-मेल आईडी **swapann@linkintime.co.in** पर संपर्क करें, जो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग करने की शिकायतों का भी समाधान करेंगें।

एजीएम की सूचना, कंपनी की वेबसाइट **www.rites.com** तथा एलआईआईपीएल की वेबसाइट **https://instavote.linkintime.co.in** पर भी उपलब्ध है। वार्षिक रिपोर्ट तथा वित्तीय वर्ष 2019-20 हेतु एजीएम की सूचना, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् **www.bseindia.com** एवं **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध है।

यह भी सूचना दी जाती है कि कंपनी की एजीएम के उद्देश्य हेतु अधिनियम की धारा 91 तथा सूचीबद्धता विनियम 42 के तहत कंपनी के सदस्यों का रजिस्टर तथा शेयर अंतरण बही 21.08.2020 (शुक्रवार) से 28.08.2020 (शुक्रवार) तक (दोनों दिन सहित) बंद रहेगा। कंपनी द्वारा निर्धारित रिकॉर्ड तिथि अर्थात 20 अगस्त, 2020 को शेयर धारित करने वाले शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान किया जायेगा।

कृते राइट्स लिमिटेड
हस्ताक्षर/-
आशीष श्रीवास्तव
कंपनी सचिव

स्थान : गुरूग्राम
दिनांक : 06.08.2020

IndiGo

इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड
सीआईएन: एल62100डीएल2004पीएलसी129768
पंजीकृत कार्यालय: सेन्ट्रल विंग, ग्राऊंड फ्लोर, थापर हाउस, 124, जनपथ, नई दिल्ली – 110 001, भारत
टेलीफोन: +91 9650098905; फैक्स: +91 11 4351 3200
ई-मेल: investors@goindigo.in; वेबसाइट: www.goindigo.in

वार्षिक आम बैठक की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की सतरहवीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम / ई – एजीएम) शुक्रवार, 04 सितम्बर 2020 को प्रातः 10 बजे (भारतीय मानक समय) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से एजीएम की सूचना ("सूचना") में निर्धारित कारोबार को संपादित करने के लिए आयोजित की जाएगी।

कोविड – 19 महामारी के प्रसार को ध्यान मे रखते हुए, कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय ने अपने परिपत्र सं० 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020, परिपत्र सं० 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 एवं परिपत्र सं० 20/2020 दिनांक 5 मई, 2020 ("एमसीए परिपत्र") और भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड ने अपने परिपत्र सं० SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P2020/79 दिनांक 12 मई, 2020 ("सेबी परिपत्र") के माध्यम से ओएवीएम अथवा वीसी द्वारा एजीएम संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 की वार्षिक रिपोर्ट ("वार्षिक रिपोर्ट") इस सूचना के साथ कंपनी के सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत ई-मेल पते पर भेज दी जाएगी। सदस्य कृप्या यह भी ध्यान दें कि सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कंपनी वेबसाइट www.goindigo.in के Investor Relations अनुभाग एवं स्टॉक एक्सचेंजो अर्थात बीएसई लिमिटेड के वेबसाइट www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट www.nseindia.com तथा कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ("केफिनटेक") के वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर उपलब्ध रहेंगे। सदस्य सिर्फ वीसी/ ओवीएम सुविधा द्वारा एजीएम में भाग ले सकते हैं तथा https://emeetings.kfintech.com पर ई – एजीएम का सीधा प्रसारण देख सकते हैं। ई – एजीएम में भाग लेने के निर्देश सूचना में दे दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अंतर्गत कोरम की गणना के निर्धारण के उद्देश्य से की जाएगी।

ई-मेल पते पंजीकृत / अपलोड करने का तरीका :

ऐसे सदस्य, जिनके ई-मेल पते कंपनी/केफिनटेक/डिपोजिटरिज के पास पंजीकृत है, उनको रिमोट ई-मतदान द्वारा मतदान के लिए लॉगिन क्रेडेंशिअल उनके पंजीकृत पते पर भेजी जा रही है। वही लॉगिन क्रेडेंशियल वीसी/ओएवीएम द्वारा एजीएम में भाग लेने अथवा एजीएम के दौरान मतदान के लिए उपयोग किया जा सकता है।

जिन सदस्यों के ई-मेल पते पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वो अपना ई-मेल पता निम्नलिखित प्रक्रिया द्वारा पंजीकृत करा लें :

क. डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य अपने सम्बन्धित डिपोजिटरी पार्टिसिपेंट को संपर्क कर के अपना ई-मेल पता पंजीकृत करा सकते हैं।

ख. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य ई-मेल पता एवं मोबाईल न० के विवरण देने वाले अनुरोध पत्र की हस्ताक्षरित स्कैन प्रति, पैन कार्ड की स्व सत्यापित प्रति, शेयर सर्टिफिकेट के प्रति के साथ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम द्वारा ई-मतदान के निर्देश के साथ सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने एवं अपना ई-मेल पता पंजीकृत कराने के लिए केफिनटेक को ई-मेल पता einward.ris@kfintech.com पर ई-मेल भेज कर अपना ई-मेल पता एवं मोबाईल न० पंजीकृत करा सकते हैं

कंपनी ने सदस्यों को https://ris-kfintech-com/email_registration लिंक पर क्लिक करके इलेक्ट्रॉ. निक मोड में वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल पते के अस्थायी पंजीकरण के लिए भी सुविधा प्रदान की है। ई-मेल पते के सफल पंजीकरण के बाद, कट-ऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों को इलेक्ट्रॉ. निक मोड में वार्षिक रिपोर्ट और सूचना मिलेगी।

कंपनी सदस्यों को रिमोट ई-मतदान के माध्यम से सूचना में निर्धारित कारोबार पर अपना वोट डालने के लिए सुविधा प्रदान कर रही है। रिमोट ई-मतदान के माध्यम से वोट डालने की विस्तृत प्रक्रिया सूचना में दी गई है। उक्त विवरण कंपनी की वेबसाइट www.goindigo.in और केफिनटेक की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com पर भी उपलब्ध होगा।

रिमोट ई-मतदान के माध्यम से वोट डालने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल ई-मेल के माध्यम से सदस्यों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर भेजे जाएंगे। जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं किया है, वे नोटिस में दिए गए निर्देशों का पालन करके लॉग-इन क्रेडेंशियल ले सकते हैं।

जिन सदस्यों ने रिमोट ई-मतदान के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला था, वे ई-एजीएम (इंस्टा पोल) के दौरान उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक मतदान सिस्टम के माध्यम से अपना वोट डालने के लिए पात्र होंगे।

उपरोक्त एमसीए परिपत्र और सेबी परिपत्र के अनुपालन में सभी सदस्यों की जानकारी और सुविधा के लिए यह नोटिस जारी किया जा रहा है।

वास्ते इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड

हस्ता/–
संजय गुप्ता
कंपनी सचिव तथा मुख्य अनुपालन अधिकारी

दिनांक: 06 अगस्त, 2020
स्थान : गुड़गाँव

www.readwhere.com